रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-एम.एच.-अ.-08102020-222293
CG-MH-E-08102020-222293

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 416] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 6, 2020/आश्विन 14, 1942
No. 416] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 6, 2020/ASVINA 14, 1942

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 16 सितम्बर, 2020

सं. टीएएमपी/62/2019-एमबीपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 49 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण एतद्द्वारा मुंबई पत्तन न्यास (एमबीपीटी) के विशेष मार्गाधिकारों की दर अनुसूची के अनुमोदन के लिए एमबीपीटी से प्राप्त प्रस्ताव का निपटान, इसके साथ संलग्न आदेशानुसार, करता है।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

मामला सं.टीएएमपी/62/2019-एमबीपीटी

मुंबई पत्तन न्यास --- *आवेदक*

गणपूर्ति

(i) श्री टी.एस. बालसुब्रमनियन (वित्त)

(ii) श्री रजत सच्चर, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(सितंबर, 2020 के 8वें दिन पारित)

यह मामला मुंबई पत्तन न्यास से 13 दिसंबर, 2019 के पत्र संख्या एफए/ओईए-एल/21(90)/सामान्य/1000 के अंतर्गत मुंबई पत्तन न्यास (एमबीपीटी) के विशेष मार्गाधिकारों की दर अनुसूची के अनुमोदन के लिए एमबीपीटी से प्राप्त प्रस्ताव से संबंधित है।

2.1. एमबीपीटी के प्रस्ताव में उठाये गए मुख्य मुद्दों का सारांश इस प्रकार है:-

(i) एमबीपीटी के पास मुंबई शहर में कोलाबा से बड़ाला, माहिम, वर्ली, गोवांडी, तितवाला आदि में 882 हैक्टेयर भूमि है। एमबीपीटी की भूमि दीर्घकालीन पट्टे, 15 माह के पट्टों, मासिक किरायेदारी और लाइसेंस पर दी गई है। एमबीपीटी भूमि का आबंटन किये बिना और भूमि पर कोई अधिकार दिये बिना, आवेदक को वहां कुछ शुल्क के भुगतान पर, नाममात्र का या विशेष, मार्गाधिकार की अनुमति भी देता है, जहां कोई किरायेदारी अधिकार या लाभकारी हित सृजित नहीं किया जाता, इस प्रकार घेरी गई न्यासी की भूमि में, चाहे कुछ भी हो, और ऐसी अनुमति हस्तांतरणीय नहीं होती।

(ii) <u>नाममात्र</u> मार्गाधिकार सामान्य मार्गाधिकार होता है, जिसे 1977 के टीआर संख्या 123 के साथ विविध संविधियों/कानूनों के अंतर्गत निर्धारित नीति के संदर्भ में 1/-रु. और 10/-रु. प्रति माह/ प्रतिवर्ष के नाममात्र मार्गाधिकार पर उपयोगी सेवाओं जैसे जलापूर्ति लाइनें, एमसीजीएम द्वारा अपवहन लाइनें विछाना, बेस्ट द्वारा बिजली की तारें बिछाना, एमटीएनएल/बीएसएनएल/डीओपीटी-दूससंचार विभाग द्वारा टेलिफोन लाइनें बिछाने के लिए न्यासी की भूमि/मार्गों/सड़कों पर पीएसयू/सरकारी निकायों और निजी पाटियों को ऐसे कनैक्शनों से कोई लाभ प्राप्त नहीं होता, के लिए दी जाती है।

(iii) <u>विशेष</u> मार्गाधिकार वहां दिये जाते हैं जहां ऐसे मार्गाधिकारों से न्यासी की भूमि का वाणिज्यक और लाभकारी उपयोग किया जाता है जैसे कच्चे तेल, रसायन, वनस्पति तेल, गैस या अप्टिकल फाइबर केबल, रेल ट्रेक, बिजली की तारें, संचारण लाइनें आदि बिछाना। ऐसे उपयोगों के लिए एक समयावधि के लिए विशेष मार्गाधिकार लिया जाता है। मार्गाधिकार शुल्क पत्तन के लिए राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत होता है।

(iv) मार्गाधिकार की अनुमति न तो पट्टा होता है और न ही लाइसेंस। यह भूमिगत/भूतल/समुद्रतल/उपरिगामी पाइप/ तार बिछाने के लिए भूमि/जल/वायु मार्ग का दखल करने की अनुमति मात्र होती है। ऐसे दखल के लिए विशेष मार्गाधिकार शुल्क (विशेष डब्ल्यूएलएफ) मार्गाधिकार की अनुमति उन पत्तन प्रयोक्ताओं, पट्टाधारकों और किरायेदारों को दी जाती है जो पाइपलाइनों के माध्यम से धारित प्रयोजन से और पत्तन यातायात को आकर्षित करने के प्रयोजन से तरल कार्गो का आयात और निर्यात करते हैं।

(v) मंत्रालय ने 14.05.2018 के स्पष्टीकरण परिपत्र संख्या 2018 का 1 के द्वारा पीजीएलएम 2015 की प्रयोज्यनीयता का विस्तार मुंबई, कोलकाता और कांडला पत्तन के नगर क्षेत्रों के गैर-आवासीय दखल/ वाणिज्यक क्षेत्रों तक कर दिया है। इस प्रकार, पीजीएलएम 2015 मुंबई पत्तन न्यास के नगर क्षेत्रों के वाणिज्यक दखलकारों पर भी लागू हो गया है।

(vi) पीजीएलएम अनुबद्ध करती है कि मार्गाधिकार अनुमतियों के प्रस्ताव भू-आबंटन समिति द्वारा संस्तुत और बोर्ड द्वारा अनुमोदित होने चाहिए। इसमें यह व्यवस्था भी की गई है कि पत्तन न्यास मंडल मार्गाधिकार अनुमति देने के लिए एक बारगी पर्यवेक्षण प्रभारों, एमजीटी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति प्रभारों, यदि कोई हो, के लिए अपनी स्वयं की नीति तैयार करके अनुमोदित करे।

(vii) मार्गाधिकार के बारे में उपबंध पीजीएलएम 2014/15 में दिशानिर्देशों के पैरा 19 में "मार्गाधिकार अनुमति" शीर्षक से दिया गया है जो इस प्रकार पठित है- '*पत्तन क्षेत्र के भीतर अथवा बाहर जेटियों से टैंक फार्मों तक पाइपलाइन बिछाने/ कन्वेयर लगाने के लिए मार्गाधिकार की अनुमति बोर्ड के अनुमोदन से दी जानी चाहिए। यह न तो पट्टा होगा और न ही लाइसेंस। जहां तक संभव हो पाइपलाइन को केवल भूमिगत बिछाने की अनुमति दी जाए। किसी पार्टी को मार्गाधिकार अनुमति देने के लिए भूमि का आबंटन नहीं होगा। यथासंभव, इनको कॉमन प्रयोग आधार पर बिछाया जाना चाहिए और यदि उसी पाइपलाइन की किसी दूसरी पार्टी को भी जरूरत पड़ती है, उसे सभी पक्षों और पत्तन न्यास बोर्ड के बीच यथासहमत शर्तों पर, दिया जा सकेगा। सभी पक्षों को पत्तन द्वारा निर्दिष्ट शर्तों का पालन करना होगा।*'

(viii) पीजीएलएम 2015 के उपबंधों के निबंधनों के अनुसार, मार्गाधिकार (विशेष मार्गाधिकार) अनुमति नीति, पत्तन क्षेत्रों सहित एमबीपीटी भूमि/जल क्षेत्र के लिए, संशोधित दरमानों के साथ, बनाई गई है और उस भू-आबंटन समिति की संस्तुति प्राप्त है। बोर्ड ने 2019 के टीआर संख्या 109 के द्वारा मार्गाधिकार (विशेष मार्गाधिकार) अनुमति नीति को अनुमोदित किया है।

(ix) विशेष डब्ल्यूएलएफ को बोर्ड द्वारा समय-समय पर संशोधित किया जाता रहा है। पिछला संशोधन 2009 के बोर्ड के संकल्प संख्या 138 के द्वारा 30.09.2012 तक की अवधि के लिए वर्ष 2009 के स्टांप ड्यूटी रेडि रैक्नर के अनुसार भू-मूल्य पर 6% प्रति वर्ष के प्रतिफल से संबद्ध करके किया गया था। विशेष डब्ल्यूएलएफ में 01.10.2012 से संशोधन अपेक्षित है। वर्तमान में, सभी विशेष डब्ल्यूएलएफ मामलों में प्रति वर्ष अक्तूबर माह में 4% वृद्धि के साथ 2009 के टीआर 138 के अंतर्गत निर्धारित दर पर बिलिंग की जाती है।

(x) विशेष डब्ल्यूएलएफ हेतु 01.10.2012 से 30.09.2017 और 01.10.2017 से 30.09.2022 तक की अवधि के लिए विशेष डब्ल्यूएलएफ का संशोधन और नई अनुमतियों पर लागू दरों को भू-आबंटन समिति (एलएसी) ने संस्तुति की है।

(xi) एमबीपीटी बोर्ड ने 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की अवधि के लिए संशोधन को अनुमोदित किया है।

(xii) **01.10.2012 से विशेष मार्गाधिकार की मौजूदा करें शुल्क दर–**

बोर्ड ने 2018 के टीआर 105 के द्वारा 2012-17 की अवधि के लिए आरआर जोन वार दरमान पहले ही अनुमोदित कर दिये हैं। तदनुसार, 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की अवधि के लिए विशेष मार्गाधिकार शुल्क में 4% वार्षिक वृद्धि के साथ स्टांप ड्यूटी रेडि रैक्नर 2012 के अनुसार 6% प्रतिफल की दर ली जायेगी। इसके अतिरिक्त, मार्गाधिकार का पुन: निर्धारण प्रत्येक 5 वर्ष में किया जायेगा जो पांचवें वर्ष में अधिकतम 150% मार्गाधिकार प्रभारों के अधीन होगा। उपरोक्त के अनुसार की गई गणना के अनुसार यदि प्रचलित मार्गाधिकार शुल्क से अधिक है तो उच्च प्रचलित दर 4% वृद्धि प्रति वर्ष के साथ जारी रहेगी। तदनुसार, प्राधिकरण के अनुमोदन के पश्चात् सभी मौजूदा विशेष मार्गाधिकार के मामले में, 01.10.2012 से 30.09.2017 की अवधि के लिए संशोधित दरमान के अनुसार मूल राशि और जीएसटी (ब्याज रहित) मांग नोटिस भेजे जाएंगे।

(xiii) **ओल्ड पिर पाव पायर (ओपीपी) की ट्रेसल, प्रथम रसायन बर्थ (एफसीबी) और दूसरी रसायन बर्थ पर बिछाई गई पाइपलाइनों के लिए लागू दर, जो निवेश प्रतिफल पर आधारित है-**

ट्रेसल पर एफसीबी तक बिछायी गई पाइपलाइन के लिए विशेष डब्ल्यूएलएफ की दर 01.10.2012 को 4% वार्षिक वृद्धि के साथ 300 एमएम व्यास के लिए 182.87 रु. प्रति वर्ग मीटर प्रति माह है और एससीबी में बिछायी गई पाइपलाइन की विशेष डब्ल्यूएलएफ दर 01.01.2015 को 300 एमएमव्यास के लिए 230.64 रु. प्रति वर्ग मीटर प्रति माह है। विशेष डब्ल्यूएलएफ में प्रति वर्ष अक्तूबर में 4% की वृद्धि की जायेगी। इससे अधिक व्यास के लिए विशेष डब्ल्यूएलएफ दर यथानुपात बढ़ जायेगी।

(xiv) **पाइपलाइन की लूप के लिए लागू दर–**

ट्रेसल पर बिछाई गई पाइपलाइन की लूप लंबाई की दर, 2015 के टीआर 257 के अनुसार, संबंधित ट्रेसल की विशेष डब्ल्यूएलएफ के 60% पर ली जाती है।

(xv) **संशोधन के कारण अंतरीय बकायों पर ब्याज –**

अद्यतन दरमान 2012-17 के अनुसार विशेष डब्ल्यूएलएफ के संशोधन पर अंतरीय बकायों पर ब्याज तब तक लागू नहीं होगा जब तक मांग सूचना नहीं भेज दी जाती। यदि पार्टी मांग सूचना/बीजक के अनुसार निर्धारित समय के भीतर भुगतान करने में असफल रहती है, यानी मांग सूचना/बीजक की तारीख से 3 महीने, तो ब्याज लागू होगा, जैसा भी प्राधिकरण सुनिश्चित करे।

(xvi) इस प्रकार, वर्तमान प्रस्ताव एमबीपीटी द्वारा यथाप्रस्तावित दरमानों के अनुसार 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की अवधि के लिए विशेष डब्ल्यूएलएफ की दर अनुसूची का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए है।

2.2. 01.10.2012 से 30.09.2017 की अवधि के विशेष मार्गाधिकार के प्रारूप दरमान, एमबीपीटी द्वारा यथा प्रस्तुत, इस प्रकार है:-

"

क्र.सं.	एमबीपीटी संपदा का नाम	स्टांप ड्यूटी रेडि रैक्नर 2012 गांव सं /जोन सं	रेडि रैक्नर के अनुसार विवरण	भूमि के ऊपर पाइपलाइन/तार डालने के लिए लागू दर प्रति माह प्रति वर्ग मीटर (एफएसआई=1 के लिए प्रभारित की जायेगी) (रु. में)	वायु मार्ग, भूमिगत, भूतल सागर तल और सागर तल से नीचे पाइपलाइन/तार के लिए प्रति माह प्रति वर्ग मीटर लागू दर (एफएसआई =0.5)पर प्रभारित की जायेगी (रु. में)
क	ख	ग	घ	ङ	च
1	वडाला	14/101	हार्बर रेल लाइन के पूर्व में स्थित सारा भाग	120.00	60
2	स्वीरी (पूर्व)	11/86	हार्बर लाइन के पूर्व का भाग, दक्षिण में आचार्य डोंगे मार्ग,(किंग एडवर्ड रोड) सेवरी रेल स्टेशन तक, पूर्वी सागर में, वार्ड की पूर्वी	69.00	34.50
3	मझगांव स्वीरी उद्धार (कॉटन डीपो)	10/79क	पूर्व में बीपीटी रेल लाइन, पश्चिम में मध्य रेल हार्बर लाइन, उत्तर में फर्स्ट एवेन्यू रोड तक डिविज़न सीमा, सारी भूमि का तिकाना भाग।	83.50	41.75
4	मझगांव स्वीरी उद्धार (अनाज तथा कपास डीपो)	10/80	पश्चिमी में बीपीटी रेल लाइन (ईस्ट आयल फील्ड फ्रीवे) पूर्व में, दक्षिण में जीजावाई इमुल्जी राठौड़ मार्ग (वाडी बंदर मार्ग) और उत्तर में बीपीटी रेल लाइन और फर्स्ट एवेन्यू रोड। सारे भाग घिरे हुए हैं।	84.50	42.25
5	मझगांव स्वीरी उद्धार (अनाज तथा कपास डीपो)	11/85	पूर्व में डिवीज़न सीमा, सेवरी स्टेशन से साउथ हिंदुस्तान लेवल कंपनी का ईस्ट साइट रोड पश्चिम में बीपीटी रेल लाइन और दक्षिण में डिवीज़न सीमा।	86.50	43.25
6	मझगांव सुझार और सांताक्रूज संपदा	10/78ख	पूर्व में बीपीटी रेल लाइन, पश्चिम में माध्य रेल हार्बर लाइन, दक्षिण में जीनामाई राठौड़ मार्ग (वीडी बंदर रोड) सारी भूमि का तिकोना भाग	107.50	53.75
7	मझगांव उद्धार	3/36	सागर तट तक पीडी मेलो रोड संपदा पर बी वार्ड का सारा भाग (विक्टरी डॉक तथा प्रिंसेंस डॉक)।	134.00	67.00
8	एलिफेंस्टॉन संपदा (पश्चिम)	3/35	बी वार्ड की उत्तरी सीमा के बीच का सारा क्षेत्र (रामचंद्र भट्ट मार्ग,	244.50	122.25

			2013) बी वार्ड की दक्षिण सीमा (लोकमान्य तिलक मार्ग, 2013) मध्यरेल लाइन और पीडी मेलो मार्ग।		
9	बल्लार्ड इस्टेट	2/22	बल्लार्ड इस्टेट का मार्ग, मिंट से जनरल पोस्ट ऑफिस से इंदिरा डॉक भाग तक से शहीद भगत सिंह मार्ग के पूर्व की ओर डिवीज़न सीमा तक।	273.50	136.75
10	पायलट बुंदर	1/6क	पूर्व में सागर पश्चिम में शहीद भगत सिंह मार्ग, दक्षिण में होगी मामा रोड, उत्तर में डिवीज़न सीमा।	494.50	247.25
11	पीर पाव	90/419	मेहुल गांव में सारी संपत्तियां	68.50	34.25
12	मझगांव	10/78क	पश्चिम में शिवदास चंपासी मार्ग और डा. मस्क्रेहनास रोड, पूर्व में बीपीटी रेल लाइन, उत्तर में संत सावतमाली मार्ग ओर दक्षिण में जीजाभाई मुलजी राठौड मार्ग।	174.50	87.25
13	एलिफंस्टॉन संपदा	2/23	इंदिरा गोदी भूमि का भाग पूर्व की ओर सागर तक पीडी मेलो रोड और जीपीओ से वार्ड की उत्तरी सीमा तक।	265.00	132.50

टिप्पणियां:

1. एमबीपीटी भूमि और ट्रेसल पर (यानी ओपीपी, एफसीबी और एससीबी के ट्रेसल) मार्गाधिकार शुल्क की दरें 01.10.2012 से 30.9.2017 की अवधि के लिए बोर्ड के 2019 के टी.आर संख्या 109 के अनुमोदन के अनुसार लागू होंगी और प्रत्येक 5 वर्ष में संशोधित होंगी या बोर्ड द्वारा समय-समय पर लिये गए निर्णय के अनुसार।
2. प्रत्येक अक्तूबर महीने में मार्गधिकार शुल्क में 4% की वृद्धि की जायेगी। पहली 4% की वृद्धि 01.10.2013 से प्रभावी होगी।
3. यदि, प्रचलित मार्गाधिकार शुल्क संशोधित दर से अधिक है, तो अधिक प्रचलित दर 4% वार्षिक वृद्धि के साथ जारी रहेगी।
4. मार्गाधिकार प्रभारों के प्रयोजन से, ट्रेसल क्षेत्र को छोड़कर, पाइपलाइनों द्वारा घेरे गए क्षेत्र को उन पाइपलाइनों की लंबाई और चौड़ाई (न्यूनतम 1 मीटर के अधीन) के आधार पर गणना की जायेगी।
5. हवाई स्थान, भूमिगत, सागरतल और सागरतल से नीचे घेरे गए क्षेत्र के मार्गाधिकार प्रभार उक्त दर के 50% होंगे। जल क्षेत्र के लिए लाइसेंस शुल्क संसक्त भूमि के लाइसेंस शुल्क का 50% होंगा। भूमि से ऊपर सेवा का मार्गाधिकार शुल्क 2015 के टीआर संख्या 222 के दी गई पूरी दर होगी।
6. (i) पुराने पीर पाव पीयर (ओपीपी) और प्रथम रसायन बर्थ (एफसीबी) में बिछायी गई पाइपलाइन की विशेष मार्गाधिकार दर 1994 के टीआर 540 के अंतर्गत 80.25 रु. प्रति वर्ग मीटर प्रति माह 30.09.1992 तक 4% वार्षिक वृद्धि के साथ निर्धारित की गई थी और वह 30.9.2012 तक वैध थी। विशेष मार्गाधिकार दर की फिर से समीक्षा की गई और मौजूदा दर 01.10.2012 को 182.87 रु. है जो सितंबर 2022 तक प्रत्येक अक्तूबर में 4% वृद्धि के साथ अब भी लागू है।

   (ii) दूसरी रसायन बर्थ (एससीबी) में बिछाई गई पाइपलाइन के लिए विशेष मार्गाधिकार की दर 300 व्यास पाइपलाइन के लिए 01.01.2015 को प्रत्येक अक्तूबर में 4% वृद्धि के साथ 2018 के टीआर 176 में यथानुमोदित 230.64 रु. प्रति वर्ग मीटर प्रति माह निर्धारित की गई थी और वह सितंबर 2022 तक जारी रहेगी। उसे बढ़े हुए व्यास की पाइपलाइन के लिए यथानुपात बढ़ा दिया जायेगा।

7. <u>मार्गाधिकार शुल्क परिकलन का सूत्र</u>

(i).	भूमि पर प्रति माह मार्गाधिकार शुल्क	=पाइपलाइन की लंबाई	x (इसुलेशन सहित बाहरी व्यास + 600 एमएम) ---------- 1000एमएम	x लागू दर
			(न्यूनतम 1 मीटर चौड़ाई के अधीन)	
(ii)	ट्रेसल पर प्रति माह मार्गाधिकार शुल्क	=पाइपलाइन की लंबाई	x (इसुलेशन सहित बाहरी व्यास) ---------- 300एमएम	x लागू दर

(iii) पाइपलाइन की लूप पर लागू दर– ट्रेसल पर बिछाई गई पाइपलाइन की लूप लंबाई की दर, 2015 के टीआर 257 के अनुसार, संबंधित ट्रेसल की विशेष डब्ल्यूएलएफ के 60% पर ली जाती है।

(iv) आप्टिकल फाइबर केबल के लिए विशेष मार्गाधिकार शुल्क लागू दरों पर होगा परंतु चौड़ाई 1 मीटर के स्थान पर परिकलन के लिए न्यूनतम आधा मीटर ली जायेगी।

8. जब कभी स्टांप ड्यूटी रेडिरैक्नर मूल्य उपलब्ध नहीं होंगे, मूल्यांकक द्वारा प्राप्त भू-मूल्य दर को सुविचार में लिया जायेगा।

9. (i) विलम्बित भुगतान पर ब्याज – मासिक बिलों को विलम्बित भुगतान पर ब्याज मौजूदा नीति के अनुसार 18% प्रति वर्ष की दर पर अथवा बोर्ड द्वारा समय-समय पर लिये गए निर्णय के अनुसार किया जायेगा।

(ii) संशोधन के कारण अंतरीय बकायों पर ब्याज - 2012-17 के अद्यतन किये गए मार्गाधिकार पर अंतरीय ब्याज के बारे में विशेष डब्ल्यूएलएफ के संशोधन पर अंतरीय बकायों पर ब्याज तब तक लागू नहीं होगा जब तक मांग सूचना नहीं भेज दी जाती। यदि पार्टी मांग सूचना/बीजक के अनुसार निर्धारित समय के भीतर भुगतान करने में असफल रहती है, यानी मांग सूचना/बीजक की तारीख से 3 महीने, तो ब्याज लागू होगा, जैसा भी प्राधिकरण सुनिश्चित करे।

10. न्यूनतम गारंटीकृत आद्योपांत (एमजीटी) प्राप्त करने में असफल रहने की स्थिति में, प्रयोक्ता कम मात्रा के लिए अतिरिक्त घाटशुल्क प्रभारों का भुगतान करके पत्तन की प्रतिपूर्ति करेगा।

11. हस्तांतरण– मार्गाधिकार अनुमति का अधिकार हस्तांतरणीय नहीं होता। तथापि, पार्टी की विशिष्ट अपेक्षा के मामले में मार्गाधिकार के अधिकार को हस्तांतरित करने की अनुमति बोर्ड द्वारा अपने विवेकानुसार दी जा सकती है जो मौजूदा दरमानों के अनुसार पिछली सारी देयताओं के भुगतान के अधीन होगी तथा मौजूदा दरमनों के अनुसार 12 महीने के मार्धाधिकार के समान हस्तांतरण शुल्क तथा आमेलन और एकीकरण आदि के कारण मार्गाधिकार के अनधिकृत असाइनमेंट/हस्तांतरण की अनुमतियों के पिछले बकायों को मौजूदा दरमानों के अनुसार 24 महीने के संशोधित मार्गाधिकार शुल्क की उगाही द्वारा विनियमित की जायेंगी।

12. मार्गाधिकार अनुमति से संबंधित अन्य पहलुओं को बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार निपटाया जायेगा।

"

2.3. एमबीपीटी ने इस प्राधिकरण को 01.10.2012 से 30.09.2017 की अवधि के लिए विशेष डब्ल्यूएलएफ के संशोधन के कारण यदि पार्टियां मांग सूचना/बीजक की तारीख से 3 माह की अवधि के भीतर बकाया देने में असफल रहती हैं तो उस स्थिति में अंतरीय बकायों पर प्रभारित किये जाने वाले ब्याज की दर तय करने का अनुरोध भी किया है।

3.1. पत्तन के प्रस्ताव के संबंध में यह स्मरण कराया जाता है कि इस प्राधिकरण ने दरमान तैयार करने और पत्तन की संपत्तियों के प्रयोग के लिए स्थितियों के विवरण में इस प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र की कानूनी स्थिति के संबंध में 15 मार्च 2000 को एक आदेश पारित किया था।

3.2. अप्रैल 2000 में एमबीपीटी ने 15 मार्च 2000 को पारित आदेश के विरूद्ध माननीय बंबई उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की और अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रार्थना की कि प्राधिकरण के पास एमबीपीटी से संबंधित और पत्तन सीमाओं से बाहर स्थित परिसरों की दरें निर्धारित करने का कोई अधिकार नहीं है।

3.3. माननीय बंबई उच्च न्यायायल की खंड पीठ ने 2 मई, 2000 को अंतरिम आदेश पारित करते हुए इस प्राधिकरण को 15 मार्च, 2000 के आदेश को उस सीमा तक रोक दिया कि उसमें लिये गए निर्णय किसी संपत्ति अथवा स्थान पर लागू नहीं होंगे। जो पत्तन अथवा पत्तन अप्रोचों की सीमा के भीतर नहीं आती।

3.4. पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) ने 25 मार्च, 2019 के पत्र संख्या सचिव (एस)/दौरा-मुंबई/भू-प्रबंधन/2018(333951) के साथ भू-नीति दिशानिर्देश, 2015 पर स्पष्टीकरण के बारे में सचिव, एमओएस की अध्यक्षता में 21 अगस्त, 2018 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की एक प्रति संलग्न की। कार्यवृत्त की प्रति भेजते समय यह बताया कि मार्गाधिकार कार्यवृत्त का एक भाग हैं और कहा कि एमबीपीटी रिट याचिका को वापस लेगा और मंत्रालय इस प्राधिकरण को 14 मई 2018 के स्पष्टीकरण के साथ पठित पीजीएलएम 2015 के फलस्वरूप 01.10.2012 से प्रभावी दरमान के बाद के लिए इस प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र सहित मुंबई पत्तन के सभी क्षेत्रों के लिए निर्धारित किये जायेंगे।

3.5. एमओएस के 25 मार्च, 2019 के पत्र के संदर्भ में, 28 मार्च 2019 को एक विस्तृत पत्र भेजा गया जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, एमओएस को यह संसूचित किया गया कि संदर्भाधीन मामले में एमओएस के 01 अक्तूबर 2012 के बाद की अवधि के लिए एमबीपीटी की भूमि के लिए पट्टा किराया/लाइसेंस शुल्क के नियतन के बारे में तभी पालन किया जा सकता है जब एमबीपीटी अपनी रिट याचिका वापस ले।

3.6. इस पृष्ठभूमि में, एमओएस ने 16 मई, 2019 के अपने ई-मेल द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ, इस प्राधिकरण को निदेश दिया कि पीजीएलएम पर 14.05.2018 के स्पष्टीकरण के साथ पठित भू-प्रबंधन 2015 (पीजीएलएम 2015) के नीति दिशानिर्देशों के परिणामस्वरूप 01.10.2012 से प्रभावी, नगर क्षेत्रों सहित, मुंबई पत्तन के सभी क्षेत्रों के दरमानों का निर्धारण एमबीपीटी द्वारा रिट याचिका वापस लेने के पश्चात ही करेगा। उक्त पत्र के अनुसार, एमओएस ने एमबीपीटी को माननीय बंबई उच्च न्यायालय से रिट याचिका संख्या 2000 की 1153 को वापस लेने का अनुरोध किया और उसकी सूचना एमओएस और प्राधिकरण को भी देने को कहा।

3.7. तदनुसार, एमबीपीटी ने रिट याचिका वापस ली और माननीय बंबई उच्च न्यायालय ने रिट याचिका वापस लेने के बारे में 08 अगस्त, 2019 को अपना आदेश पारित करते हुए उसका निपटान कर दिया।

3.8. एमबीपीटी एक प्रस्ताव लेकर आया जिसमें 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की अवधि के लिए एमबीपीटी के विशेष मार्गाधिकार प्रभारों की दर अनुसूची का अनुमोदन चाहा गया है।

4. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, एमबीपीटी के 13 दिसंबर, 2019 के प्रस्ताव की प्रति संबंधित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों को उनकी टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए परिपत्रित किया। प्रत्युत्तर में कुछेक प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने अपनी टिप्पणियां दी। उक्त टिप्पणियों को फीड-बैक सूचना के तौर पर एमबीपीटी को भेज दिया गया। एमबीपीटी ने 18 मार्च, 2020 को अपना उत्तर भेजा।

5. एमबीपीटी के प्रस्ताव की आरंभिक संवीक्षा के आधार पर, एमबीपीटी से हमारे 18 फरवरी, 2020 के पत्र के द्वारा अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण मांगा गया था। 03 मार्च 2020 के अनुस्मारक के पश्चात, एमबीपीटी ने 18 मार्च, 2020 के अपने पत्र के द्वारा उत्तर दिया हमारे द्वारा मांगी गई अतिरिक्त सूचना/स्पष्टीकरण और उस पर एमबीपीटी का उत्तर, नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:-

क्र.सं.	मांगी गई सूचना/स्पष्टीकरण	एमबीपीटी का उत्तर
(i)	यद्यपि एलएसी रिपोर्ट और साथ ही एमबीपीटी के न्यासी मंडल का अनुमोदन 5 वर्ष की दो अवधियों के लिए अर्थात् 01.10.2012 से 30.09.2017 और 01.10.2017 to 30.09.2022 तक मार्गाधिकार	बोर्ड द्वारा 2019 की टीआर संख्या 109 के द्वारा अनुमोदित मार्गाधिकार (विशेष मार्गाधिकार) नीति पैरा 4(ग)(ii) इस प्रकार है : "01.10.2017 से प्रभावी मौजूदा विशेष डब्ल्यूएल के लिए

	प्रभारों के लिए है जबकि एमबीपीटी का प्रस्ताव 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की 5 वर्ष की अवधि के लिए मार्गाधिकार का अनुमोदन चाहता है। उसके बाद के पांच वर्षों के लिए अनुमोदन न चाहने के कारण स्पष्ट किये जाएं।	विशेष मार्गाधिकार शुल्क दर स्टांप ड्यूटी रेडि रैक्नर में निर्धारित भूमि के मूल्य पर 6% प्रतिफल प्रति वर्ष होगी जो कार्गो प्रचालन पाइपलाइन और विशेष मार्गाधिकार दखल से संबद्ध सुविधाओं के लिए 4% वद्धि प्रति वर्ष होगी जबकि विशेष मार्गाधिकार दखलों के गैर कार्गो पाइपलाइनों पर पीजीएलएम 2014/15 के अनुसार पांचों कारणों में इस उच्चतम कारक के आधार पर प्रभारित होगी। एमबीपीटी भूमि पर गैर-कार्गो पाइपलाइनों के लिए मार्गाधिकार के संशोधित परिकलन के लिए एमबीपीटी भूमि का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। चूंकि 01.10.2017 से 30.09.2022 की अवधि के दरमानों के लिए एलएसी और बोर्ड का अनुमोदन कार्य पूरा नहीं हो पाया है, इसलिए 01.10.2017 से 30.09.2022 की अवधि के दरमानों के अनुमोदन के लिए प्राधिकरण को अलग से प्रस्ताव भेजा जायेगा।
(ii)	एमबीपीटी द्वारा 01.10.2012 को उगाहे जा रहे मार्गाधिकार प्रभार और 10.10.2012 से प्रस्तावित मार्गाधिकार प्रभारों का तुलनात्मक विवरण, विचाराधीन सभी क्षेत्रों के लिए प्रस्तुत किया जाये।	01.10.2012 को उगाहे जा रहे मार्गाधिकार प्रभार और 10.10.2012 से प्रस्तावित मार्गाधिकार प्रभारों का पार्टी वार और मार्गाधिकारों में संकल्पित प्रतिशत वृद्धि दर्शाने वाला तुलनात्मक विवरण एमबीपीटी द्वारा प्रस्तुत है। (तुलनात्मक विवरण से यह देखा जाता है कि मार्गाधिकार प्रभारों में सामान्यत: वृद्धि की दर 15% से 45% के बीच है।)
(iii)	एमबीपीटी द्वारा अपने प्रस्ताव के साथ उपलब्ध करायी गई भू-आबंटन समिति (एलएसी) की रिपोर्ट से यह देखा जाता है कि एलएसी अपनी रिपोर्ट के पैरा 5 में पाइपलाइनों/कन्वेयरों के लिए मार्गाधिकार प्रभारों की उगाही के अधिकार की विभिन्न शर्तों और निबंधन निर्धारित किये हैं। लेकिन, सामान्य शर्तों और निबंधनों को एमबीपीटी द्वारा प्रस्तावित दरमनों में अंतर्विष्ट नहीं किया गया है। एमबीपीटी मार्गाधिकार उगाही से संबंधित वांछित सामान्य शर्तों और निबंधनों को दरमानों में उपयुक्त रूप से अंतर्विष्ट करने के लिए परीक्षण करे।	(एमबीपीटी ने एलएसी की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध करायी है।)
(iv)	प्रस्तावित टिप्पणी संख्या 4 में ट्रेसल के अतिरिक्त पाइपलाइनों द्वारा घेरे गए क्षेत्र के मार्गाधिकार प्रभारों की गणना के लिए न्यूनतम 1 मीटर को प्रस्ताव करने का आधार क्या है।	अपनायी जा रही प्रथा के अनुसार, पाइपलाइन के दोनों ओर न्यूनतम 300 एमएम की दूरी को सुरक्षा और अनुरक्षण/मरम्मत के प्रयोजन से लिया जाता है इसी के लिए न्यूनतम 1 मीटर चौड़ी भूमि चाहिए होती है। अत: 1 मीटर को सुविचार में लिया गया है।
(v)	(क) टिप्पणी संख्या 5 पर पत्तन द्वारा वायु स्थान, भूमिगत, सागर तल और सागर तल से नीचे दखल के लिए मार्गाधिकार प्रभारों की उगाही प्रस्तावित दर के 50% पर प्रस्ताव करने का आधार क्या है। (ख) उपरिगामी पाइपलाइन/ तारों के लिए एफएस= 1 और जो पाइपलाइन/तारें वायुस्थान, भूमिगत उपरिगामी, सागर तल ओर सागर तल के नीचे एफएस = 0.50 का तर्क स्पष्ट करें।	(i) यह बताया गया है कि पीजीएलएम 2014/15 के अनुसार, प्रत्येक पत्तन न्यास बोर्ड मार्गाधिकार अनुमति के लिए अपनी स्वयं की नीति बना और अनुमोदित कर सकते हैं। (ii) बोर्ड द्वारा मार्गाधिकार (विशेष मार्गाधिकार) नीति 2019 के टीआर सं. 109 के द्वारा अनुमोदित की गई। मार्गाधिकार अनुमति न तो पट्टा है और न ही लाइसेंस। भूमिगत/उपरिगामी/जल के भीतर/सागर तल/उपरिगामी सेवाओं के लिए किसी भूमि/जल/वायु में दखल की अनुमति के लिए विशेष मार्गाधिकार शुल्क प्रभारित किया जाता है। उपरिगामी सेवाओं के लिए मार्गधिकार शुल्क पूरी दर पर आधारित होगा और भूमिगत/जल के भीतर के लिए दर के आधे पर। (iii) सुरक्षा और अनुरक्षण प्रयोजनों के लिए, भूतल के ऊपर पाइपलाइन डालने के लिए दोनों और 300 एमएम की न्यूनतम

		दूरी रखी जाती है और इसलिए विशेष मार्गाधिकार शुल्क की गणना के लिए न्यूनतम 1 मीटर चौड़ी भूमि ली जाती है। (iv) पाइपलाइन/तारें बिछाने के लिए घेरी गई भूमि जो भूतल पर, उपरिगामी (< 6.5 मीटर की ऊंचाई पर) आदि का प्रयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जा सकता। इसलिए, प्रयोक्ता को भूमि के प्रयोग के लिए एमबीपीटी पूरी एफएसआई दर पर क्षतिपूर्ति करनी होती है और उन पाइपलाइनों/तारों के लिए जो भूमिगत हैं/हवा में हैं (> 6.5 मीटर ऊंचाई)/ सागर तल/ सागर तल से नीचे एमबीपीटी की भूमि के प्रयोग के लिए एफएसआई =0.5 होगी। उदाहरण के लिए एचटी संचार लाइनों भवनों/संरचनाओं को संचार लाइनों के नीचे भूमि पर नहीं माना जा सकता। अत: संचार लाइनों के नीचे की भूमि बेकार है। इसी प्रकार, भूमिगत पाइपलाइनों/तारों के ऊपर किसी भवन/संरचना का निर्माण नहीं किया जा सकता।
(vi)	जब पत्तन का प्रस्ताव 01.10.2012 से 30.09.2017 की 5 वर्ष की अवधि के लिए ही मार्गाधिकार अधिकारों का अनुमोदन चाहता है, तो रसायन बर्थ 1 और 2 के लिए सितंबर 2022 तक मार्गाधिकार चाहने वाली टिप्पणी संख्या 6(i) और (ii) प्रस्तावित का कारण स्पष्ट करें। रसायन बर्थ 1 और 2 के मार्गाधिकार प्रभारों की अवधि को 30 सितंबर, 2017 तक समिति किया जाए।	(i) ओल्ड परी पाऊ पीयर (ओपीपी) के ट्रेसल पर पाइपलाइनों और प्रथम रसायन बर्थ (एफसीबी) के मार्गाधिकार शुल्क को 30.09.2012 तक प्रति वर्ष 4% वृद्धि के साथ 1994 की टीआर संख्या 540 के द्वारा अनुमति दी गई थी। जहां इस दर के पश्चात् इसमे बोर्ड की नीति के अनुसार संशोधित किया जायेगा। चूंकि 01.10.2012 को दर का संशोधन नहीं किया गया, इसलिए मौजूदा दर 4% वार्षिक वृद्धि के साथ 2018 तक जारी रहीं। उप सीई (परियोजना) द्वारा 31.08.2018 को इस दर की समीक्षा की गई और मूल्यह्रास दर निकाली गई। इस मूल्यह्रास दर की तुलना 2018 की मौजूदा दर से की गई। चूंकि मौजूदा दर मूल्यह्रास दर से अधिक थी, मौजूदा दर जारी रही, जिसे बोर्ड ने 2018 की टीआर संख्या 177 के द्वारा अनुमोदित किया। (ii) दूसरी रसायन बर्थ (एससीबी) पर पाइपलाइन बिछाने के लिए बोर्ड ने 2018 की टीआर संख्या 176 के द्वारा मार्गाधिकार शुल्क 01.10.2015 को 300 एमएम व्यास के साथ 4% वार्षिक वृद्धि पर 230.64 रु. प्रति वर्ष मीटर को अंतिम रूप दिया। इससे अधिक व्यास के लिए मार्गाधिकार शुल्क यथानुपात होगा। (iii) 2019 के टीआर संख्या 109 द्वारा अनुमोदित मार्गाधिकार (विशेष मार्गाधिकार) नीति के अनुसार, उक्त दरें (जो 1994 की टीआर संख्या 540 और 2018 की टीआर संख्या 176 द्वारा अनुमोदित हैं) प्रति वर्ष 4% की वृद्धि के साथ सितंबर 2022 तक जारी रहेंगी। इसलिए, ये दरें 01.10.2012 से 30.09.2017 और इससे आगे 01.10.2017 से 30.09.2022 तक की अवधि के विशेष मार्गाधिकार प्रभारों केक संशोधन के लिए लागू रहेंगी। अत: प्राधिकरण को प्रस्ताव को 30.09.2022 तक सुविचार करने का अनुरोध किया जाता है।
(vii)	प्रस्तावित टिप्पणी संख्या 7(i) और 7(iv) में मार्गाधिकार प्रभारों की उगाही के लिए पाइपलाइन की न्यूनतम चौड़ाई 1 मीटर और आप्टिकल केबल फाइबर की 0.5 मीटर पर सुविचार करने के प्रस्ताव का आधार स्पष्ट करें।	यह नोट किया जाये कि टिप्पणी संख्या 8 (i) और 8 (iv) हैं न कि 7(i) और 7(iv)। ऊपर बिंदु (iv) का उत्तर देखें। जहां तक ओएफसी के लिए 0.5 मीटर का संबंध है, उन्हें कम स्थान चाहिए होता हैं। इसलिए 0.5 मीटर सुविचार में लिया गया। इसे उत्खनन/ स्वंदकों की खुदाई के लिए न्यूनतम 0.5 मीटर अपेक्षा होती है। अत: पत्तन का प्रस्ताव उचित है। इसके आगे: (i) प्रयोक्ता एमबीपीटी की समिति और मूलयह्रास पूंजीगत

		आस्तियों का प्रयोग भूमि के एक भाग के रूप में करते हैं ताकि वे भूमिगत तार डाल सकें या ऊपरिगामी संचार लाइनें डाल सकें जिसकी अनुमति दशकों से मार्गाधिकार शुल्क लिया जाता रहा है जिससे एमबीपीटी को उसके सीमित संसाधनों के उपयोग की क्षतिपूर्ति हो सके। (ii) प्रयोक्ताओं का व्यापार लाभ कमाने के लिए वाणिज्यक आधारपर चलता है। (iii) चूंकि पाइपलाईन/ तारें बिछाने के लिए घेरी गई अधिकतर भूमि, जो भूतल, भूमिगत, ऊपरिगामी, सागरतल, आदि का प्रयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं हो सकता। इसलिए, उन्हें एमबीपीटी द्वारा निर्णीत दर पर भूमि के उपयोग की क्षतिपूर्ति एमबीपीटी का करनी चाहिए।
(viii)	ट्रेसल पर बिछाई गई पाइपलाइन की लूप लंबाई की दर, 2015 के टीआर 257 के अनुसार, संबंधित ट्रेसल की विशेष डब्ल्यूएलएफ के 60% पर ली जाती है। प्रस्तावित टिप्पणी संख्या 7(iii) के द्वारा यथाप्रस्तावित संबंधित ट्रेसल के मार्गाधिकार शुल्क 60% पर सुविचार करने का तर्क स्पष्ट करें।	यह उपबंध एमबीपीटी की भूमि के लिए ही हैं जैसे जवाहर द्वीप, थल नॉब, क्रास द्वीप, उरान, आदि जहां स्टांप ड्यूटी रेडि रॉकनर मूल्य उपलब्ध नहीं होते, इसलिए नई अनुमति देने के लिए विशेष मार्गाधिकारों के लिए मूल्यांकक द्वारा प्राप्त मूल्य ही सुविचार में लिया जायेगा।
(ix)	प्रस्तावित दरमान में यह देखा जाता है कि एमबीपीटी ने प्रस्तावित मार्गाधिकार प्रभार 2012 के स्टांप ड्यूटी रेडि रॉकनर के आधार पर निकाले हैं। जब 01.10.2012 से 30.09.2017 तक की अवधि के लिए मार्गाधिकार प्रभार स्टाम्प ड्यूटी रेडि रॉकनर के आधार पर पहले ही निकाल दिये गए हैं तो इस प्रभाव की प्रस्तावित टिप्पणी कि जब कभी स्टांप ड्यूटी रेडिरैक्नर मूल्य उपलब्ध नहीं होंगे, मूल्यांकक द्वारा प्राप्त भू-मूल्य दर को सुविचार में लिया जायेगा की आवश्यकता नहीं है।	
(x)	मासिक बिलों के विलंबित भुगतान पर 18% प्रति वर्ष की दर पर ब्याज के प्रस्ताव का आधार स्पष्ट करें।।	दरमानों की टिप्पणी संख्या 10 (i) के निबंधन के संदर्भ से, विलंबित भुगतान पर ब्याज समय-समय पर बोर्ड की नीति के अनुसार प्रभारित किया जाता है। बोर्ड ने 2000 की टी आर और संख्या 296 में यह निर्णय लिया कि ब्याज को प्राधिकरण द्वारा अन्य मामलों में अनुमोदित दरमानों में लागू की गई ब्याज दर के अनुसार प्रभारित किया जायेगा यानी विलंबित भुगतान पर ब्याज उगाही नीति।

6. संदर्भाधीन मामले में 16 जनवरी, 2020 को मुंबई स्थित प्राधिकरण के कार्यालय में संयुक्त सुनवाई का आयोजन किया गया। संयुक्त सुनवाई में, एमबीपीटी ने अपने प्रस्ताव का संक्षिप्त पॉवर प्वाईंट प्रस्तुतीकरण दिया। संयुक्त सुनवाई में एमबीपीटी और प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने अपने अपने निवेदन रखे।

7. जैसा संयुक्त सुनवाई में निर्णय लिया गया था, कुछेक प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने एमबीपीटी के 13 दिसंबर 2019 के प्रस्ताव पर अपनी दिप्पणियां/अतिरिक्त निवेदन प्रस्तुत किये। इन टिप्पणियों को फीड बैक सूचना के तौर पर एमबीपीटी को भेज दिया गया। एमबीपीटी ने 18 मार्च, 2020 को इन पर अपना उत्तर दिया।

8. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्रवाई इस प्राधिकरण के कार्यालयी रिकॉर्ड में उपलब्ध है। प्राप्त टिप्पणियों और संबंधित पक्षों के द्वारा दिए गए मतों का सार संबंधित पक्षों को पृथक रूप से प्रेषित किया जाएगा। ये विवरण हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

9. मामले की प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई सूचना की समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभर कर सामने आती है:

(i) महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (एमबीपीटी एक्ट) की धारा 49, इस प्राधिकरण को किसी बोर्ड की संपत्ति के प्रयोग के लिए दरमान और शर्तों का विवरण तैयार करने का अधिदेश देती है। मार्गाधिकार प्रभार एक लेवी है, जो पत्तन की संपत्ति के प्रयोग पर उगाही जाती है। पीजीएलएम 2015 के खंड 14 के साथ पठित एम ओ एस के 14 मई, 2018 के पत्र संख्या पीडी-13017/2/2014-पीडी-IV के द्वारा भू-प्रबंधन नीति दिशानिर्देश 2015 पर जारी सूपष्टीकरणों का स्पष्टीकरण संख्या 17 दूरसंचार तारें, ओएफसी लाइनें, टैंक फार्म, टेलिफोन टॉवर, विद्युत तारें आदि जैसे प्रयोजनों के लिए पाइपलाइन/कन्वेयर विछाने के लिए मार्गाधिकार अनुमति, का उपबंध करता है। यह पत्तन क्षेत्र के भीतर या बाहर हो सकता है। अत: मुंबई पत्तन न्यास गैस अथवा आप्टिकल फाइबर तारें, रेलवे ट्रैक, विद्युत की तारें, दूरसंचार लाइने और कच्चा तेल, रसायन, वनस्पति तेल आदि को ले जाने के लिए बिछायी गई पाइपलाइनों के संबंध में मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण का प्रस्ताव लेकर आया है।

(ii) विषयक प्रस्ताव में, एमबीपीटी ने 01 अक्तूबर, 2012 से 30 सितंबर 2017 तक की पांच वर्ष की अवधि के लिए मार्गाधिकार प्रभारों का अनुमोदन चाहा है। 01 अक्तूबर 2012 से पहले की अवधि के लिए, एमबीपीटी ने बताया है कि उसने अपने न्यासी मंडल द्वारा यथानुमोदित मार्गाधिकार प्रभारों की उगाही की है। 01 अक्तूबर 2012 से पहले की अवधि से के संबंध में यह भी बताया है कि पट्टा किराये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार उगाहे जाते थे।

इस संबंध में, टाटा पॉवर कंपनी लिमिटेड (टीपीसीएल), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पेट्रौलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 01 अक्तूबर, 2012 से 30 सितंबर 2017 तक की अवधि के मार्गाधिकारों के पूर्वव्यापी प्रभाव पर इस आधार पर आपत्ति उठायी है कि पूर्वव्यापी संशोधन से उनके वित्तीय प्रभावों को जोखिम में डाल देगा और इससे उप पर बोझ पड़ेगा और इस बोझ को वे अपने ग्राहकों को पास करने की स्थिति में भी नहीं हैं।

संदर्भाधीन मामले में, एमबीपीटी भूमि के लिए 1980 से 30 सितंबर, 2012 तक की अवधि के लिए एक समझौता सूत्र के अनुसार, न्यासी मंडल द्वारा पट्टा किराये अनुमोदित किये थे जिन्हें भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्वीकार किया गया था। इस प्रकार, सरकार ने मई 2019 में एमबीपीटी को 01 अक्तूबर, 2012 से आगे नगरक्षेत्र सहित मुंबई पत्तन के सभी क्षेत्रों के लिए दरमान निर्धारित करे।

इस संबंध में, यह सारगर्भित है कि यह प्राधिकरण सामान्यत: अपने आदेश को पूर्ववर्ती प्रभाव नहीं देता है। परंतु, विशेष स्थितियों के मामलों में, यह अपने आदेश को पूर्वव्यापी प्रभाव भी देता है। न्यू मंगलोर पत्तन न्यास और कुद्रेमुख आयरन और कंपनी लिमिटेड के बीच हुए एक करार से संबंधित मामले में, विधि मंत्रालय की सलाह पर (तत्कालीन) जल-भूतल परिवहन मंत्रालय ने 16 मार्च 1998 के अपने पत्र संख्या पीआर-14011/5197-पी4 के द्वारा इस प्राधिकरण को पूर्वव्यापी प्रभाव देने की सलाह दी। इस प्रकार, एमबीपीटी से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर ओएनजीसी और एमबीपीटी के बीच हुए करार के अनुसर उदग्रहणीय मार्गाधिकार प्रभारों की वसूली के लिए पूर्वव्यापी प्रभाव दिया गया था।

संदर्भाधीन मामले की संक्रिया में, एमबीपीटी ने संसूचित किया कि इसने सभी हितधारकों को सूचित कर दिया है कि मार्गाधिकार प्रभार 01 अक्तूबर 2012 से देय हैं।

इन परिस्थितियों में, पूर्व के पैराओं में दिये गए कारणों से 01 अक्तूबर 2012 से 30 सितंबर, 2022 तक की अवधि के मार्गाधिकार प्रभारों की वसूली का एमबीपीटी का प्रस्ताव सुविचार के लिए लिया जाता है।

साथ ही, एमबीपीटी को 01 अक्तूबर, 2017 से 30 सितंबर 2022 तक की अवधि के लिए मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण के अपने प्रस्ताव शीघ्रता से अंतिम रूप देने की सलाह दी जाती है और कि संदर्भाधीन मामले में आदेश की अधिसूचना की तारीख से दो महीने की अवधि में अपना प्रस्ताव लेकर आये।

(iii) एमबीपीटी ने अपना प्रस्ताव दिसंबर, 2019 में दायर किया। उक्त प्रस्ताव और मामले की संक्रिया के दौरान एमबीपीटी द्वारा प्रस्तुत सूचना/स्पष्टीकरण को इस विश्लेषण में सुविचार के लिए लिया जाता है।

(iv) इस प्राधिकरण को पत्तन न्यासों की भूमियों के पट्टा किराये निर्धारण के प्रयोजन से सरकार द्वारा समय-समय पर जारी भू-नीति दिशानिर्देशों का पालन करने का अधिदेश प्राप्त है। पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार ने जनवरी 2014 में महापत्तन भू-नीति दिशानिर्देश, 2014 जारी किये जो 2 जनवरी 2014 से प्रभावी हुए बाद में पोत परिवहन मंत्रालय ने 17 जुलाई 2015 से कार्यान्वयन के लिए एमपीटी एक्ट 1963 की धारा 111 के अंतर्गत

संशोधित भू-नीति दिशानिर्देश 2014 जारी किये। एमबीपीटी महापत्तन न्यास भू-नीति दिशानिर्देश 2014 जुलाई 2015 में यथासंशोधित के उपबंधों के आधार पर मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण के लिए प्रस्ताव लेकर आया। एमबीपीटी के प्रस्ताव को उसके न्यासी मंडल का अनुमोदन प्राप्त है।

(v) संशोधित भू-नीति दिशानिर्देश 2014 के खंड 11.2 (ङ) के साथ पठित खंड 13(क) के अनुसार पत्तन न्यास बोर्ड एक भू-आबंटन समिति (एलएसी) का गठन करेगा जिसमें पत्तन के उपाध्यक्ष और वित्त, संपदा और यातायात विभागों के विभागाध्यक्ष होंगे। यह समिति खंड 13(क) में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार भूमि के बाजार मूल्य का निर्धारण करेगी। तदनुसार, पत्तन के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक भू आबंटन समिति (एलएसी) का गठन किया गया। वित्त, यातायात, संपदा विभागों के विभागाध्यक्ष तथा मुख्य अभियंता समिति के अन्य सदस्य थे।

(vi) (क) जुलाई 2015 के भू-नीति दिशानिर्देश का पैरा 13 (क) उसमें निर्धारित पांच कारकों के आधार पर भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारित की प्रक्रिया निर्धारित करता है। संशोधित भू-नीति दिशानिर्देश 2014 के उक्त पैरा के संदर्भ से भू-आबंटन समिति उसमें निर्दिष्ट कारकों में से उच्चतम कारक पर विचार करेगी अर्थात् संशोधित भूमि नीति दिशानिर्देश 2014 के खंड 13(क) यह विनिर्दिष्ट करता है कि भूमि आबंटन समिति (एलएसी) पांच उच्चतम कारकों को ध्यान में रखते हुए भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित करेगा जैसे (i) राज्य सरकार का रेडि रैकनर मूल्य, यदि ऐसे स्पष्टीकरण कार्य के लिए उपलब्ध हो। (ii) पत्तन के नजदीक (पत्तन के नजदीक का निर्धारण संबंधित पत्तन न्यास बोर्ड द्वारा किया जायेगा) में पिछले तीन वर्षों में वास्तविक पंजीकृत लेने-देने की उच्चतम दर, के साथ पत्तन न्यास बोर्ड द्वारा अनुमोदित उपयुक्त वार्षिक दर (iii) ऐसे लेने देनों में पत्तन भूमि की उच्चतम स्वीकृत निविदा-सह-बोली दर, पत्तन न्यास बोर्ड द्वारा अनुमोदित वार्षिक वृद्धि दर के आधार पर अद्यतन किया गया मूल्य (iv) अधिकृत मूल्यांकक द्वारा निकाला गया मूल्य तथा (v) अन्य कोई संगत कारक जिसका बोर्ड द्वारा पता लगाया गया हो। यदि एलएसी उच्चतम कारक का चयन नहीं कर रही है तो दिशानिर्देशों में अपेक्षित उसके कारण लिखित में दर्ज किये जाने चाहिए।

(ख) इस संबंध में, एलएसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि मार्गाधिकार अनुमति न पट्टा है और न ही लाइसेंस और कि मार्गाधिकार की अनुमति प्रयोक्ता को एक सीमित अधिकार प्रदान करती है। एलएसी ने यह भी बताया है कि आबंटन और प्रयोग भू-संपदा विकास से तुलनीय नहीं है और यह भू-संपदा विकास में प्रचलित बाजार मूल्य नहीं हो सकता। यह भी कि, चूंकि मुंबई शहर में भू-मूल्य आकाश छू रहे हैं, एलएसी ने पांच कारकों में से उच्चतम के आधार पर मार्गाधिकार प्रभारों का परिकलन उपयुक्त नहीं पाया जाता क्योंकि यह पत्तन योक्ता के लिए एक बाधक हो सकता है। समिति का यह भी कहना है कि इससे कार्गो का उपवर्तन होगा। इसके अतिरिक्त, भू-नीति दिशानिर्देश मार्गाधिकार शुल्क की उगाही के प्रयोजन से कोई दर निर्धारित नहीं करता इसलिए एलएसी मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण के लिए भूमि के बाजार मूल्य पर सुविचार नहीं करने की संस्तुति की है।

(ग) अत: 01 अक्तूबर, 2012 से 30 सितंबर 2017 तक की अवधि के दौरान गैस अथवा आप्टिकल फाइबर केबल, रेल पथ, विद्युत केबल, संचार लाइनें और पाइपलाइनों के लिए मार्गाधिकारों का निर्धारण करने के लिए, एलएसी की अवधारणा संबंधित क्षेत्र के वर्ष 2012 के लिए स्टाम्प ड्यूटी रेडि रैकनर (आरआर) के आधार पर लागू दरों मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण की है। तत्पश्चात, एलएसी ने संबंधित क्षेत्र के आर-आर मूल्य पर 6% प्रतिफल उन क्षेत्रों से गुजरने वाले उपरिगामी पाइपलाइनों/केबलों के मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारित पर सुविचार किया है। इसके अतिरिक्त, उन क्षेत्रों से गुजरने वाले हवाई मार्ग, भूमिगत, उपरिगामी, सागरतल, सागरतल के नीचे के लिए 50% छूट का भी प्रावधान किया गया है। इस प्रकार, मार्गाधिकार प्रभार संबंधित पाइपलाइन की संगत भूमि के अनुसार पट्टा किराये की दर निकाली गयी है।

(घ) भू-नीति दिशानिर्देशों में मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण के लिए कोई विशिष्ट प्रणाली निर्धारित नहीं है। भू-नीति दिशानिर्देशों में मार्गाधिकार प्रभारों के निर्धारण के लिए किसी विशिष्ट विधि के अभाव में, यह प्राधिकरण मार्गाधिकार प्रभार निर्धारित करने के लिए एमबीपीटी द्वारा अपनाई गई पद्धति पर विश्वास करने को प्रवृत्त है।

(ङ) ऐसा विचार हो सकता है कि एमबीपीटी ने भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए भू-नीति दिशानिर्देशों में निर्धारित कारकों का अनुपालन नहीं किया है। लेकिन, एमबीपीटी ने सभी पांचों कारकों के आधार पर भूमि का बाजार मूल्य निर्धारित न करने के कारण भी बताये हैं। एमबीपीटी द्वारा दिये गए तर्कों पर सुविचार करते हुए और यह भी कि प्रस्ताव एलएसी की संस्तुति पर आधारित है और इसे उसके न्यासी मंडल का अनुमोदन प्राप्त है, यह प्राधिकरण उपरिगामी पाइपलाइनों/केबलों के लिए मार्गाधिकार प्रभारों को अनुमोदित करने को प्रवृत्त है।

(च) इसके अतिरिक्त, संशोधित भू-नीति दिशानिर्देश के खंड 12(क)(i) के अनुसार, जल क्षेत्र के लिए लाइसेंस शुल्क संसक्त भूमि के लाइसेंस शुल्क का 50% होगी। परिणामस्वरूप, यह प्राधिकरण हवाई मार्ग, भूमिगत, उपरिगामी, सागरतल और सागर तल से नीचे से होकर गुजरने वाली पाइपलाइनों/केबलों के मार्गाधिकार प्रभारों को, पत्तन द्वारा यथाप्रस्तावित अनुमोदित करने को प्रवृत्त है।

(vii) रिलाइंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने तर्क दिया है कि कुछेक पाइपलाइन भूमि के नीचे विछायी गई है और इस प्रकार पाइपलाइन के ऊपर किसी भू-तल कार्यकलाप में विध्न नहीं डालती हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि कुछ पाइपलाइन/ऑप्टिकल फाइबर केबल/ उपयोगिताएं सागर तल में बिछाई गई हैं और इस प्रकार वे न तो कोई भूमि घेरती है और न ही समुद्री यातायात में कार्य बाधा नहीं डालती हैं। इसे देखते हुए, आरआईएल का कहना है कि एमबीपीटी को या तो अत्यंत कम मार्गाधिकार प्रभार उगाहने चाहिए या कोई प्रभार लगाना ही नहीं चाहिए। इस संबंध में यहां उल्लेख करना समीचीन होगा कि पाइपलाइनें/केबल पत्तन क्षेत्र में डाली गई हैं। अत: एमबीपीटी को मार्गाधिकार प्रभार तो देय होते ही हैं क्योंकि एमबीपीटी उस स्थान का स्वामी है। एमबीपीटी अधिनियम 1963 की धारा 49 पत्तन संपत्तियों के उपयोग के लिए प्रभारों के निर्धारण का उपबंध करती है। आरआईएल द्वारा उठाया गया एक और मुद्रा मार्गाधिकार अनुमति के हस्तांतरण के लिए हस्तांतरण शुल्क की उगाही के बारे में हैं, यह मुद्दा इस प्राधिकरण के समक्ष नहीं आता है।

(viii) एमबीपीटी ने इस प्रभाव की एक टिप्पणी का प्रस्ताव किया है कि एमबीपीटी भूमि और ट्रेसल पर (यानी ओपीपी, एफसीबी और एससीबी के ट्रेसल) मार्गाधिकार शुल्क की दरें 01.10.2012 से 30.9.2017 की अवधि के लिए बोर्ड के 2019 के टी.आर संख्या 109 के अनुमोदन के अनुसार लागू होंगी और प्रत्येक 5 वर्ष में या बोर्ड द्वारा समय-समय पर लिये गए निर्णय के अनुसार संशोधित होंगी ।

2019 की टीआर संख्या 109 एमबीपीटी द्वारा यथा संदर्भित, दर्शाती है कि ओपीपी के ट्रेसल एफसीबी और एससीबी का मार्गाधिकार शुल्क निवेश पर प्रतिफल के आधार पर है ओर कि मौजूदा दर 4% वृद्धि के साथ सितंबर 2022 तक जारी रहेगी। इस संबंध में, यह कहना है कि एमबीपीटी का प्रस्ताव निवेश पर प्रतिफल के आधार पर मौजूदा मार्गाधिकार शुल्क निर्धारण के लिए एमबीपीटी द्वारा अपनायी गई प्रणाली का ब्यौरा नहीं बताता है। प्रस्तावित दरमान मौजूदा उगाहे जा रहे मार्गाधिकार शुलक और ओपीपी ट्रेसल, एफसीबी और एससीबी पर लगाये जाने वाले प्रस्तावित मार्गाधिकार स्पष्ट रूप से नहीं दर्शाता। इसलिए, यह प्राधिकरण, प्रस्तावित टिप्पणी को अनुमोदित करने की स्थिति में नहीं है। एमबीपीटी को, तथापि, यह सलाह दी जाती है कि वह भू नीति दिशानिर्देशों में अंतर्विष्ट अनुबद्धताओं के आधार पर ओपीपी, एफसीबी और एससीबी के ट्रेसल पर मार्गाधिकार प्रभारों के लिए भली भांति विश्लेषित प्रस्ताव लेकर आये।

(ix) यह पाया गया है कि एमबीपीटी ने इस प्रभाव की एक टिप्पणी प्रस्तावित एक टिप्पणी प्रस्तावित की है कि प्रत्येक अक्तूबर महीने में मार्गधिकार शुल्क में 4% की वृद्धि की जायेगी। पहली 4% की वृद्धि 01.10.2013 से प्रभावी होगी। इस संबंध में यहां यह उल्ल्जेख करना समीचीन होगा कि भू-नीति दिशानिर्देशों 2014 का खंड 13 (ग) पत्तनों को वार्षिक वृद्धि निर्धारित करने की छूट देता है जो 2% से कम नहीं होगी। तदनुसार, एमबीपीटी ने 4% की वार्षिक वृद्धि भू-नीति दिशानिर्देशों के उपबंधों के अनुसार है, अत: 4% की वार्षिक वृद्धि के प्रस्ताव को अनुमोदित किया जाता है।

(x) एमबीपीटी ने इस प्रस्ताव की टिप्पणी का प्रस्ताव किया है कि यदि, प्रचलित मार्गाधिकार शुल्क संशोधित दर से अधिक है, तो अधिक प्रचलित दर 4% वार्षिक वृद्धि के साथ जारी रहेगी।

भू नीति दिशानिर्देश पत्तन से भूमि के बाजार मूल्य के आधार पर किरायों के निर्धारण की अपेक्षा रखते हैं। भू नीति दिशानिर्देशों के अनुसार किराया अनुसूची में न्यूनतम 2% की प्रति वर्ष की वृद्धि की जा सकती हैं। किराया अनुसूची प्रत्येक 5 वर्ष पर संशोधन के अधीन होगी। इन उपबंधों को किराया अनुसूची में सोपाधिकाताओं के रूप में दर्शाया जाता है। पत्तन द्वारा प्रस्तावित उपबंध पत्तन द्वारा किये जाने वाले मार्गाधिकार करार में शामिल करने के प्रयोजन से है। इस प्राधिकरण द्वारा फ्रेम किये गए दरमानों में ऐसे कोई खंड नहीं होते जो पत्तन न्यास द्वारा संबंधित पक्षकारों के साथ किये जाने वाले करारों में अंतर्विष्ट किये जाए। यह पत्तन की जिम्मेदारी है कि किराया अनुसूची और सरकार के भू-नीति दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करे। श्यामा प्रसाद मुकर्जी पत्तन (कोलकाता पत्तन न्यास) के मामले में भी पत्तन द्वारा प्रस्तावित इसी प्रकार की टिप्पणी को भी इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किराया अनुसूची में शामिल नहीं किया गया था। अन्यथा भी, एमबीपीटी द्वारा प्रस्तुत तुलनात्मक विवरण में भी यह देखा गया है कि 01 अक्तूबर 2012 को सभी क्षेत्रों के लिए एमबीपीटी द्वारा प्रस्तावित किराये 01 अक्तूबर 2012 को मौजूदा किरायों से अधिक हैं। इसलिए, एमबीपीटी द्वारा प्रस्तावित टिप्पणी, केवल सिद्धांतिक प्रतीत होती है और तर्कसंगत नहीं है क्योंकि इससे कोई मामला हल होने वाला नहीं है। अत: प्रस्तावित टिप्पणी को किराया अनुसूची में शामिल नहीं किया जाता।

(xi) एमबीपीटी ने इस प्रभाव की एक टिप्पणी का प्रस्ताव किया है कि मार्गाधिकार प्रभारों के प्रयोजन से, ट्रेसल क्षेत्र को छोड़कर, पाइपलाइनों द्वारा घेरे गए क्षेत्र को उन पाइपलाइनों की लंबाई और चौड़ाई (न्यूनतम 1 मीटर के अधीन) के आधार पर गणना की जायेगी। इस संबंध में एमबीपीटी का यह मत है कि चूंकि एमबीपीटी द्वारा अपनायी जा रही वर्तमान प्रथा के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से पाइपलाइन के दोनों ओर न्यूनतम 300 एमएम की दूरी ली जाती है, इसलिए मार्गाधिकार प्रभारों की गणना के लिए न्यूनतम 1 मीटर की चौड़ायी आवश्यक है। इस संबंध में पत्तन द्वारा सूत्र को एक टिप्पणी के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

अधिकतर प्रयोक्ताओं ने अर्थात् ऑयल इंडिया लीक्विड बल्क इम्पोर्टस एंड एक्सपोर्टस एसोसिएशन (एआईएलबीआईईए), एलएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल, इंडिया ऑयल कार्पोशेशन लिमिटेड (आईओसीएल) और आरआईएल ने प्रस्तावित टिप्पणी पर आपत्ति की है और अनुरोध किया है कि विशेष मार्गाधिकार प्रभार पाइपलाइन द्वारा वास्तव में घेरे गए क्षेत्र के अनुसार होना चाहिए न कि न्यूनमत 1 मीटर पर। यह उपयुक्त है कि प्रयोक्ताओं उस क्षेत्र के लिए भुगतान नहीं करना चाहिए जिसका उन्होंने उपयोग नहीं किया।

